# कोचीन सीमाशुल्क समाचार पत्रिका

# Cochin Customs News Letter



श्री पुल्लेला नागेश्वर राव,
मुख्य-आयुक्त





श्री सुमित कुमार,
आयुक्त



| सम्पादक मण्डल |
|---|
| सुमित कुमार, भा. रा. से. - सीमाशुल्क आयुक्त |
| बी. जी. कृष्णन, भा. रा. से. – संयुक्त सीमाशुल्क आयुक्त |
| लखी नारायण दास , भा. रा. से. – सहायक सीमाशुल्क आयुक्त |
| मनोज कुमार – सीमाशुल्क अधीक्षक (निवारक) |
| किरण अय्यर वी. - कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक |

अंक-8 जनवरी , 2019

# संपादकीय

सीमाशुल्क गृह, कोचीन के डिजिटल मासिक पत्रिका का आठवाँ अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है। इस पत्रिका का उतरोत्तर सफल प्रकाशन कार्यालय में राजभाषा हिन्दी के प्रति अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग तथा मार्गदर्शन को दर्शाता है| वेब साईट, फेस बुक, ट्विटर तथा विभिन्न व्हाट्स एप ग्रूपों जैसे सूचना के नवीनतम माध्यमों से हजारों लोगों को यह पत्रिका उपलब्ध हो रही है और सराही गई हैं| पत्रिका के निर्माण में जब सभी की सक्रिय सहभागिता मिले तब इसका उद्देश्य और भी सार्थक हो जाता है| यह पत्रिका अधिकारियों/कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों की सृजनशीलता को उभारकर उन्हें एक मंच प्रदान करने का माध्यम भी बनी है।

कार्यालय में मनाए जा रहे विभिन्न उत्सव सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी व्यस्तता के बीच एक अलग सी स्फूर्ति तथा अपनेपन का एहसास कराते हैं |

हम सभी का यह दायित्व है कि हमारी इस पत्रिका को विकास के सोपानों पर अग्रणी बनाने में सहयोग करें| यह पत्रिका कार्यालय से संबन्धित सूचनाओं से परिपूर्ण है और इस पत्रिका रूपी सरिता का निरंतर प्रवाह आप सभी के सहयोग से ही संभव हो सकता है| आपकी सृजनशीलता तथा आपका कौशल इस पत्रिका के और अधिक विकास और विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पाठकों से विनम्र अनुरोध है की यदि पत्रिका में किसी भी प्रकार के सुधार आवश्यक है तो इस संबंध में आप सभी के सकारात्मक सुझावों का स्वागत है।

आपका,

सुमित कुमार, भा. रा. से.

आयुक्त

# प्रकृति के प्रकोप बाढ़ के लिए राहत कार्य में सीमाशुल्क का अतुलनीय योगदान

केरल में आई प्रकृतिक आपदा बाढ़ में राहत कार्य में अपना सराहनीय योगदान देने के लिए एर्णाकुलम कलेक्ट्रेट में इस परिपेक्ष्य में दिनांक 04.12.2018 को आयोजित एक सभा में सेवाशुल्क गृह कोचीन को प्रशस्ति पत्र व स्मारक चिन्ह प्रदान किया गया| इस अवसर पर मंत्रीगण, एरलाकुलम जिले के कलेक्टर,मुख्य आयुक्त महोदय, आयुक्त महोदय तथा कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे|



മലയാള മനോരമ www.manora



വിദേശത്തു നിന്നു പ്രളയ ദുരിതാശ്വാസ സാമഗ്രികൾ എത്തിക്കാൻ സഹായിച്ച കസ്റ്റംസ് വിഭാഗത്തെ അനുമോദിക്കാൻ കലക്ടറേറ്റിൽ ചേർന്ന സമ്മേളനം മന്ത്രി ഇ.ചന്ദ്രശേഖരൻ ഉദ്ഘാടനം ചെയ്യുന്നു. ഡിപി വേൾഡ് സിഇഒ പ്രവീൺ ജോസഫ്, കസ്റ്റംസ് കമ്മിഷണർ സുമിത് കുമാർ, ചീഫ് കമ്മിഷണർ പി.എൻ.റാവു, കലക്ടർ മുഹമ്മദ് സഫിറുല്ല എന്നിവർ സമീപം.

## പ്രളയ ദുരിതാശ്വാസം; കസ്റ്റംസിന് പ്രശംസ

**ദുരിതാശ്വാസത്തിന് വിദേശത്തു നിന്ന് ലഭിച്ചത് 546.86 ടൺ സാധനങ്ങൾ**

കാക്കനാട് • പ്രളയ ദുരിതാശ്വാസത്തിനു വിദേശത്തു നിന്നുള്ള സാമഗ്രികൾ എളുപ്പത്തിൽ എത്തിക്കാൻ സഹായിച്ച കസ്റ്റംസ് വിഭാഗത്തെ അനുമോദിക്കാൻ ...

...രൻ ഉദ്ഘാടനം ചെയ്തു. കടൽ, വ്യോമ മാർഗങ്ങളിലൂടെ ദുരിത മേഖലകളിലേക്കെത്തിയ സാമഗ്രികൾക്കു സംഭരണ-കൈമാറ്റ നിരക്കുകൾ ഒഴിവാക്കിയിരുന്നു.

യുഎഇ, കുവൈത്ത്, ബഹ്റൈൻ, ഒമാൻ, ഇംഗ്ലണ്ട്, തായ്‌വാൻ, സൗദി, മലേഷ്യ, യുഎസ്എ, കാനഡ, സിംഗപ്പൂർ, ജർമനി, ഖത്തർ തുടങ്ങിയ രാജ്യങ്ങളിൽ നിന്നാണ് കൂടുതൽ സാമഗ്രികളെത്തിയത്.

546.86 ടൺ സാധനങ്ങൾ ദുരിതാശ്വാസത്തിനു വിദേശത്തു...



18.34 കോടി രൂപ വില വരും. രക്ഷാപ്രവർത്തനത്തിനു മൽസ്യബന്ധന ബോട്ടുകൾ ലഭ്യമാക്കുന്നതുൾപ്പെടെയുള്ള നടപടികൾക്ക് നേതൃത്വം നൽകിയ ഡിപി വേൾഡിനെയും ചടങ്ങിൽ അനുമോദിച്ചു. കലക്ടർ മുഹമ്മദ് സഫിറുല്ല അധ്യക്ഷത വഹിച്ചു. കസ്റ്റംസ് തിരുവനന്തപുരം മേഖല ചീഫ് കമ്മിഷണർ പി.എൻ.റാവു, കമ്മിഷണർ സുമിത് കുമാർ, ഡിപി വേൾഡ് സിഇഒ പ്രവീൺ ജോസഫ്, എഡിഎം...







# समाचार पत्रिका का विमोचन

दिसंबर माह की कार्यालयीन मासिक समाचार पत्रिका का विमोचन आयुक्त महोदय ने सीमाशुल्क दिवस के परिपेक्ष्य में कई व्यस्तताओं के होते हुए भी अपने कर कमलों द्वारा दिनांक 25.01.2019 को किया|





# नव वर्ष 2019 का स्वागत

वर्ष 2019 का स्वागत करते हुए दिनांक 01.01.2019 को नव वर्ष समारोह कार्यालय के बोर्ड रूम में मनाया गया| आयुक्त महोदय ने केक काटकर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दी|

















# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

31 दिसंबर 2018 को समाप्त तिमाही हेतु राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 09.01.2019 को आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई|









# राजभाषा प्रबंधन सेमिनार

दिनांक 04.01.2019 को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति का एक राजभाषा प्रबंधन सेमिनार आयोजित किया गया| जिसमे कार्यालय के अधीक्षक (निवारक) श्री मनोज कुमार तथा  हिन्दी अनुवादक श्री किरण अय्यर वी. ने अपनी सहभागिता दर्ज की| इस सेमिनार में कार्यालयों में हो रहे हिन्दी कार्यान्वयन के विकास की चर्चा हुई एवं राजभाषा से संबन्धित दो पुस्तकों का विमोचन हुआ और साथ ही हिन्दी से संबन्धित नौकरी के अवसरों के संबंध में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं  के लिए एक समावेशन भी आयोजित किया गया|

















# विश्व हिन्दी दिवस समारोह एवं हिन्दी कार्यशाला

दिनांक 10.01.2019 को कार्यालय में विश्व हिन्दी दिवस समारोह बोर्ड कक्ष में मनाया गया| समारोह की अध्यक्षता आयुक्त महोदय ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय हिन्दी शिक्षण योजना की सहायक निदेशक (भाषा) डॉ राधिका देवी डी आमंत्रित थी| इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा "प्रयोजन मूलक हिन्दी-टिप्पण एवं आलेखन" विषय पर एक पूर्ण दिवसीय कार्यशाला संचालित की गई|

























# स्वच्छता पखवाड़ा

दिनांक 16.01.2019 से 30.01.2019 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया| इस कार्यक्रम के तहत एक विस्तृत रूपरेखा के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया| इस उपलक्ष्य पर कई प्रतियोगिताओं जैसे निबंध, स्लोगन(नारा) लेखन तथा कार्टून निर्माण इत्यादि का भी आयोजन किया गया|














# अंतर्राष्ट्रीय सीमाशुल्क दिवस सामारोह

दिनांक 25.01.2019 को अंतर्राष्ट्रीय सीमाशुल्क दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आइलैंड में स्थित मर्चेन्ट नेवी क्लब में मनाया गया| मुख्य अतिथियों के रूप में केरल राज्य के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री देवन रामचंद्रन, प्रख्यात मलयालम अभिनेता श्री विविन पॉली तथा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में भारतीय टीम में केरल की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले अर्जुन पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी पद्मश्री श्रीजेश पी आर को आमंत्रित किया गया था| इस अवसर पर मुख्य आयुक्त, आयुक्त समेत सभी अधिकारियों कर्मचारियों सहित उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे| इस अवसर पर वर्ष भर में सराहनीय कार्य व प्रतिभा प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया गया| वर्ष भर में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले आयातकों,निर्यातको, ब्रोकरों इत्यादि को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया| इस अवसर पर ख्यातिलब्ध कलाकारों द्वारा नृत्य,गान, संस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, कार्टून चित्रकारी इत्यादि का आयोजन किया गया|












25 th Janua



tional Custom


PRESS
PRESS

January 2019





# प्रतियोगिताओं की झलकियाँ

मनोरंजन क्लब द्वारा कार्यालय में अधिकारियों/कर्मचारियों के बच्चों के लिए प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई|








इस अवसर पर कार्यालय के श्री शाहजहाँ, अधीक्षक को सीमाशुल्क कोचीन में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु विश्व सीमाशुल्क संगठन (डब्ल्यू सी ओ ) प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया| उन्होंने यह प्रमाणपत्र वित्त राज्य मंत्री श्री शिवप्रकाश शुक्ला तथा रेल मंत्री पीयूष गोयल जी के कर कमलों से ग्रहण किया|



# गणतन्त्र दिवस 2019

दिनांक 26.01.2019 को कार्यालय में प्रतिवर्षानुसार गणतन्त्र दिवस मनाया गया| समारोह की अध्यक्षता आयुक्त महोदय ने की| आयुक्त महोदय द्वारा ध्वजारोहण किया गया और सभी अधिकारियों/कर्मचारियो एवं  सीमाशुल्क कडेटों द्वारा राष्ट्र ध्वज को सलामी दी गई|























# राजभाषा राष्ट्रीय संगोष्ठी

दिनांक 30.01.2019 तथा 31.01.2019 को श्री आदि शंकराचार्य संस्कृत महाविद्यालय में “हिन्दी संदर्भ एवं संभावनाएँ” विषय पर द्विदिवसीय राजभाषा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया| इस कार्यालय के कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक श्री किरण अय्यर वी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहें|



























# वेल्लिंग्टन आइलैंड का वैभव

रचनाकार :किरण अय्यर वी

कनिष्ठ अनुवादक





---

**आए हुए दिन कुछ ही हुए है मुझे यहाँ**
**पर लगता जैसे इसे छोड़ जाता मैं कहाँ|**
**मुझे तो मैसूर सी निराली छँटा का यहाँ दर्शन सा होता**
**मन के उपवन में मानो आत्मा रूपी मोर का नर्तन सा होता|**

**प्रातः काल पक्षियों की वो सुरीली तान**
**तटों पर जल का वो कल-कल गान|**
**रंग बिरंगे फल फूलों से लदी ये धरती**
**मानो सुरलोक का आलिंगन हैं ये करती**

**क्वार्टर के पास ही है मंदिर मस्जिद और गिरिजाघर**
**अनेकता में एकता का साक्षात दर्शन यहाँ होता प्रति प्रहर|**
**यहाँ देश ही नहीं विदेश के विभिन्न भागों से भी आते हैं सैलानी**
**पर सीमाशुल्क अधिकारियों से इन पर रहती पक्की निगरानी |**

**सुंदर सुरीले संगीतों के धुन से सजी ये नगरी**

लगता है बस स्वर्ग से अभी है ये उतरी।
ऐसा ही नहीं कि सब अच्छा ही है यहाँ
कुछ कमियाँ भी है आप पाएंगे यहाँ।

क्वार्टर के चारों ओर फैला कचरें और प्लास्टिक का ढ़ेर
जिसे देखते ही नज़र बचा लेते है लोग मुँह को फेर ।
क्या काफी है केवल स्वच्छता का नारा लगाना और दौड़ना
और दूसरी तरफ कचरा दिखने पर भी कोई फर्क न पड़ना।

चूहों, मच्छरों और मक्खियों का जब तक यहाँ रहेगा बसेरा।
तब तक कैसे हो सकेगा यहाँ स्वच्छता रूपी सुंदर सवेरा।
देश व विदेश के लोग जब यहाँ हैं आते
तो संग वो कई सपने लेकर हैं आते ।
उनके सपने होते साकार पाते वे बहुत सा प्यार
खुशी से होके सराबोर वो आना चाहे यहाँ बार-बार।
जल यातायात की सुविधा है बड़ी प्यारी
पर्यटन विभाग की इसने नैया है तारी।
पर्यटन और आयात निर्यात आय के मुख्य स्त्रोत हैं यहाँ
राज्य को समृद्ध बनाने के कार्य में है ये बड़े सहयोगी है यहाँ।
चाहे हो वो खेल का मैदान चाहे हो हरा-भरा उद्यान
सुंदरता से आच्छादित खींच लेता ये सबका ध्यान।
हम सबका भी होना चाहिए यह कर्तव्य
की स्वच्छता से आच्छादित हो यह वलय।।

"हिन्दी है हमारी प्रतिष्ठा इसके प्रति हो हम सभी की निष्ठा"